**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**20.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**योग तैयारी**

संस्कृति मंत्रालय 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देश के एक सौ प्रमुख पर्यटन स्थलों और 50 अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्रों का आयोजन कर रहा है। ये सत्र विशाखापटनम में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रमुख योग कार्यक्रम के पूरक होंगे। आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले आयोजन के लिए तैयारियां की जा रही हैं, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होने का कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम खुले में योग करने के अब तक के सबसे बडे आयोजनों में से एक होगा। इस बीच केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा कि योग सिर्फ एक दिवसीय आयोजन नहीं बल्कि जीवनशैली है। उन्होंने लोगों से योग को जीवन में शामिल करने और परिवार के सदस्यों को भी इस ओर प्रेरित करने का आग्रह किया।

**चंद्र कुमार**

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने हिम कृषि योजना के तहत जल संरक्षण के नए मॉडल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज शिमला में कृषि विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। चंद्र कुमार ने कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है जिसने प्राकृतिक खेती द्वारा उगाए गए उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को फील्ड स्तर पर जाकर किसानों की समस्याओं को सुनने और उनका निवारण करने के लिए निर्देश दिए हैं।

**जयराम ठाकुर**

प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पुलिस भर्ती परीक्षा प्रक्रिया में धांधली के आरोप लगाते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती मामले में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत मिल रही है। उन्होंने दावा किया कि परीक्षा केन्द्र के सीसीटीवी कैमरों में ये घटना रिकॉर्ड हुई है लेकिन सरकार दबाव में सीसीटीवी फुटेज को सार्वजनिक नहीं कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये एक गंभीर गैर कानूनी मामला है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने परीक्षा से जुड़े रिकॉर्ड को नष्ट किए जाने की आशंका जताते हुए सरकार से इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।

**विधानसभा अध्यक्ष**

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन–2 का वार्षिक सम्मेलन 30 जून से एक जुलाई तक धर्मशाला के तपोवन में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में मुख्यमंत्री

सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और जम्मू–कश्मीर के प्रतिभागी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के सभापति, राज्य विधानसभाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, मुख्य सचेतक और राज्यों के विधायक भी सम्मेलन में शामिल होंगे।

**मौसम**

प्रदेश में दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून ने दस्तक दे दी है। मॉनसून की सक्रियता से शिमला, किन्नौर, सिरमौर और मंडी ज़िले सहित राज्य के कई स्थानों पर आज मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि प्रदेश में मॉनसून सक्रिय हो चुका है और 22 व 23 जून को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और सिरमौर ज़िले में भारी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी एक सप्ताह तक भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए लोगों को नदी–नालों के किनारे और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है।

**नमस्कार।**